Need to change the name of Gyanpur road railway station in Bhadohi district, Uttar Pradesh as Gopiganj railway station -Laid

डॉ. विनोद कुमार बिंद **(**भदोही**) :** मेरे लोकसभा क्षेत्र भदोही (उत्तर प्रदेश) का गोपीगंज एक व्यापारिक नगर है । यह इलाका गोपीगंज नगर पालिका परिषद का हिस्सा है । इस नगर में जो रेलवे स्टेशन है उसका नाम ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन के नाम से जाना जाता है जबकि ज्ञानपुर नगर गोपीगंज से करीब 7 किलोमीटर दूर है ऐसे में क्षेत्रवासियों की मांग है कि ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर गोपीगंज रेलवे स्टेशन किया जाए । इस रेलवे स्टेशन से दिल्ली मुंबई सिकंदराबाद समेत देश के कई प्रमुख स्थानों के लिए ट्रेन आती जाती है और रोजाना हजारों लोगों का आवागमन इसी रेलवे स्टेशन से होता है । गोपीगंज नगर की रेलवे स्टेशन से ज्ञानपुर नगर की दूरी अधिक होने की वजह से जो लोग पहली बार यहां आते हैं उनको स्टेशन के नाम की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।